


# हर उपभोक्ता की पसंद: पैडस्टल पंखे

आपके घर के एक कोने में स्थिर होकर आपको हवा देने का अपना काम करते हैं पैडस्टल पंखे। एक समय था (लगभग 100 साल पहले) जब इस तरह के साधन घरों में उपलब्ध ही नहीं होते थे यदि किसी घर में होते भी थे तो इसे विलक्षण चीज़ माना जाता था जो बड़े दफ्तरों और संपन्न परिवारों में ही पाए जाते थे। तब कौन जानता था इन पैडस्टल पंखों के बारे में? लेकिन अब सब जगह उपलब्ध हैं और इनके विभिन्न प्रकार भी मौजूद हैं। इनकी बाज़ार में बढ़ती मांग और उपभोक्ताओं की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए *कंस्यूमर वॉयस* ने पैडस्टल पंखों की ठंडक प्रदान करने की क्षमता को जांचने का निर्णय किया। वॉयस ने तुलनात्मक परीक्षण के लिए भारतीय बाज़ार में प्रचलित 10 ब्रांड का चुनाव किया।

भारत की भौगोलिक स्थिति के अनुसार सर्दी और गर्मी पड़ती है लेकिन देश के कई हिस्सों में तो आंशिक सर्दी ही होती हैं या होती ही नहीं, ऐसे क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में और तीक्ष्ण गर्मी होना लाज़िमी है। गर्मी से राहत पाने के लिए कई तरह से प्राकृतिक उपायों का तो चलन रहा ही है, साथ ही छत या दीवार पर लगाए जाने वाले पंखों की भी आवश्यकता होती है। आजकल बाज़ार में पैडस्टल पंखे (जिन्हें प्रयोग करने के लिए हम आसानी से इधर–उधर रख सकते हैं तथा अपने अनुसार ऊपर–नीचे निर्धारित कर सकते हैं) की मांग काफी बढ़ रही है, इन्हीं विशेषताओं के कारण इन पंखों का प्रयोग घर, दफ़्तर, दुकान तथा समारोह आदि में खूब किया जाता है। उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग के आधार पर ही कंस्यूमर वॉयस ने इन पैडस्टल पंखों के तुलनात्मक परीक्षण करने का निर्णय लिया।

### जांच के मुख्य परिणाम

- कार्य निष्पादन जांच में क्रॉम्पटन ग्रेव्स सबसे अव्वल रहा इसके बाद ओर्टेम और ओर्पेट रहे।
- हैवेल्स कीमत के आधार पर सबसे बेहतर रहा और ऊर्जा खपत के आधार पर भी यह ब्रांड सबसे अव्वल रहा।
- बजाज और ओर्टेम की दो साल की गारंटी दी हुई थी, क्रॉम्पटन ग्रेव्स ने दो साल की वारंटी दी थी और अन्य ब्रांड ने एक साल की वारंटी दी हुई थी।
- बजाज और क्रॉम्पटन ग्रेव्स ब्रांड के पंखे में सबसे कम शोर पाया गया।
- किसी भी ब्रांड में भारतीय मानक आईएसआई का चिन्ह नहीं पाया गया।
- क्रॉम्पटन ग्रेव्स सबसे भारी (6.320 किलोग्राम) और सबसे कम वज़न (4.267 किलोग्राम) ओरिएंट में पाया गया।
- केवल ओरिएंट और ओर्पेट ब्रांड में गति को भारतीय मानक के अनुसार 30 प्रतिशत तक घटाने की क्षमता थी।
- सभी ब्रांड विद्युत जांच में सुरक्षित रहे।
- अधिकतर ब्रांड चीन से आयातित थे लेकिन भारत के मशहूर उत्पादकों के माध्यम से बाज़ार में उपलब्ध हैं।



### विभिन्न ब्रांड की हुई जांच

| | स्टेंडर्ड पंखे | | |
|---|---|---|---|
| रैंक | ब्रांड–मॉडल | उत्पादक | खुदरा मूल्य/MRP (रु.में) |
| 1. | क्रॉम्पटन ग्रेव्स–हाई फ्लो | क्रॉम्पटन ग्रेव्स लिमिटेड | 1689–2,250 |
| 1. | ओर्टेम–रॉयल | मेट्रो ओर्टेम लिमिटेड | 1645–1,900 |
| 1. | ओर्पेट–OPF 3207 | अजंता लिमिटेड | 1734–2,100 |
| 2. | हैवेल्स–स्विंग | हैवेल्स इंडिया लिमिटेड | 1956–2,495 |
| 3. | ओरिएंट–स्टैंड31 | ओरिएंट लिमिटेड | 1600–1,979 |
| 3. | बजाज–माइडिया BP6 | बजाज इलेक्ट्रिकल लिमिटेड | 1823–2,375 |
| 4. | ऊषा लेक्सस–मिस्ट एयर | ऊषा इंटरनेशनल लिमिटेड | 1887–2,250 |
| 5. | मार्क–FS-40E1TQ | मार्क इंटरप्राइसेस लिमिटेड | 1761–2,090 |
| | हाई स्पीड पंखे | | |
| 1. | एल्मोनार्ड–हाई स्पीड | एल्मोनार्ड लिमिटेड | 2400–2,450 |
| 2. | खेतान–स्पाइस | खेतान इलेक्ट्रिकल लिमिटेड | 1689–2,350 |

पैडस्टल पंखों के तुलनात्मक परीक्षण के लिए उन्हीं ब्रांड का चुनाव किया गया जो बाज़ार में अधिक प्रचलित रहे। वैसे तो बाज़ार में विदेशी ब्रांड के पंखे भी मिलते हैं लेकिन परीक्षण करने के लिए भारतीय कंपनियों द्वारा आयात किए गए पैडस्टल पंखों को ही परीक्षण में शामिल किया गया।

एल्मोनार्ड और खेतान अधिक गति वाले पंखे थे वो भी अधिक विद्युत निवेश 120 वॉट और 110 वॉट के साथ।

बजाज और ओर्टेम ने दो साल की गारंटी दी, क्रॉम्पटन ग्रेव्स ने दो साल की वारंटी दी हुई थी अन्य बाकी सभी ब्रांड ने एक साल की वारंटी दी थी।

**कार्य निष्पादन जांच** : पैडस्टल पंखों की जांच मुख्य रूप से भारतीय मानक के : 1169–1967 (विशेष रूप से पैडस्टल पंखों के लिए और रेगुलेटर के लिए बना है) साथ में इस अधिनियम में नए संशोधन भारतीय मानक : 555 के आधार पर की गई है। तुलनात्मक जांच के लिए प्रमुख रूप से 400mm आकार के पैडस्टल पंखों को ही चुना गया।

**अवलोकन** : कुछ ब्रांड पर मार्किंग द्वारा दी जाने वाली कुछ जानकारियां पैकिंग/नियम पुस्तिका में नहीं दी गई थीं। उत्पाद के निर्माण की तारीख भी नहीं दी गई थी।

**इस्तेमाल करने में आसान** : पैडस्टल पंखे इस तरह से सौंदर्यपरक तरीके से आकर्षक डिज़ाइन किए गए हैं कि जिन्हें कहीं भी कैसे भी स्थान पर इस्तेमाल करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। पैडस्टल पंखों की सौंदर्यपरक, डिज़ाइन, कार्यकुशलता और भार की भी जांच की गई।

**पंखे के परिचालन की जांच** : पैडस्टल पंखे की विद्युत पूर्ति के साथ संचालन करने पर वह पंखा कंपन तो नहीं कर रहा है इस जांच में सभी ब्रांड के पंखों ने संतुष्ट परिणाम दिए।

| बेहतर खरीद–क्रॉम्पटन ग्रेव्स | कीमत के लिए किफायती – हैवेल्स और ओर्पेट रहे। |
|---|---|

### पैडस्टल पंखे कैसे करते हैं काम

भारतीय मानक द्वारा सभी प्रकार के पंखे पैडस्टल पंखे, दीवार या छत के पंखे के लिए एक समान मानक बनाए गए हैं। वॉयस के जांच समूह ने उसी के आधार पर पैडस्टल पंखों का प्रयोगशाला परीक्षण किया। पैडस्टल पंखों में दो या अधिक ब्लेड प्रत्यक्ष रूप से एसी या डीसी की विद्युत मोटर पर चलाया जाता है, इसकी उचाईं को इच्छानुसार परिवर्तन भी किया जा सकता है और हवा आसानी से इनमें आर–पार हो सकती है। पैडस्टल पंखों के कुछ मॉडल में ऊपर की ओर से भी अपनी अपेक्षा अनुसार समायोजित की क्षमता होती है कुछ पंखे थोड़े बहुत, लेकिन कुछ ब्रांड के पैडस्टल पंखे कई फीट तक समायोजित किये जा सकते हैं। पैडस्टल पंखे के निचले हिस्से में अधिक वज़न होता है जिससे इनके गिरने का खतरा कम रहता है और यह इन पंखों की खास विशेषता होती है।

**रोधन प्रतिरोधक क्षमता** : कार्यनिष्पादन की जांच में पंखे की मोटर की प्रतिरोधक क्षमता दो मेगाहोम्ज़ से कम नहीं होनी चाहिए। अत्यधिक वोल्टेज़ की जांच के लिए डीसी वोल्टेज़ की लगभग 500 वोल्ट क्षमता रखी। रोधन प्रतिरोधक की जांच में सभी ब्रांड में 100Ω (100 ओ होम्ज़) की क्षमता पाई गई।

**अत्यधिक वोल्टेज़ परीक्षण** : पैडस्टल पंखों की एसी जांच के लिए उसकी आवृत्ति को सुविधा के हिसाब से 40 और 60Hz के आसपास एक मिनट के लिए बगैर बिजली के प्रभावित हुए रखा गया और सभी ब्रांड इस जांच में प्रतिरोधक रहे तथा किसी में कोई खराबी नहीं पाई गई।


### 400 एमएम के पैडस्टल पंखों का किया परीक्षण

परीक्षण के लिए साधारण आकार (400mm) के पंखे लिए गए। अन्य प्रकार के पंखों की अपेक्षा इनके उपयोग करने का तरीका अलग होता है इसलिए पैडस्टल पंखे के साथ में इसे प्रयोग करने की विधि भी बताई जाती है।

M/s खेतान की गुज़ारिश पर कंस्यूमर वॉयस ने उसके पैडस्टल पंखे की हवा वितरण की दोबारा जांच की। वॉयस ने परीक्षण के मानक के आधार पर दोबारा जांच की तो उसमें पाया कि खेतान का पैडस्टल पंखा पहली जांच के परिणाम के लगभग समांतर ही पाया गया। साथ ही पंखे ने हवा वितरण की अस्थिर रीडिंग दी। इसके बाद खेतान सर्विस सेंटर की शिकायत के बाद तीन बार दोबारा जांच की गई जिसमें पैडस्टल पंखे की मोटर में भी दो बार बदली गई थी। (जिसमें हवा वितरण की रफ़्तार पहले की अपेक्षा और कम थी)। हालांकि परेशानी हर बार ऐसी ही बनी रही, उसका कोई परिणाम नहीं निकला। अंतत कंस्यूमर वॉयस ने खेतान पैडस्टल पंखे के पहले परिणाम को ही अपनी जांच रिपोर्ट में शामिल करने का निर्णय लिया।

**पंखे की गति** : पैडस्टल पंखे की आवर्तन गति की जांच उसकी निर्धारित वोल्टेज़ और आवृति के आधार पर की गई। मापने का तरीका कुछ ऐसा था कि पंखे की गति काफी हद तक प्रभावित न हो। पैडस्टल पंखे की गति की जांच का मापन रेगुलेटर में दिए गए प्रत्येक क्रम पर की गई। सभी पैडस्टल पंखों के रेगुलेटर की गति 30 प्रतिशत तक कम हो होनी चाहिए।

| ब्रांड | 8 में से अंक मिले |
|---|---|
| ओर्पेट | 5.42 |
| ओरिएंट | 5.21 |
| बजाज | 5.0 |
| खेतान | 4.84 |
| क्रॉम्पटन ग्रेव्स | 4.81 |
| मार्क | 4.59 |
| हैवेल्स | 4.16 |
| ओर्टेम | 4.07 |
| ऊषा | 4.05 |
| एल्मोनार्ड | 3.82 |



| एअर डिलीवरी, पॉवर इनपुट और सर्विस वैल्यू | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रांड | एअर डिलीवरी (m3/min) | 10 में से अंक मिले | सर्विस वैल्यू(m3/min/W) | 10 में से अंक मिले | पॉवर इनपुट (W) | 8 में से अंक मिले | 28 में से कुल अंक मिले |
| हैवेल्स mm | 71.9 | 7.84 | 1.56 | 9.75 | 46 | 7.47 | 25.06 |
| ओर्टेम | 73.4 | 8.24 | 1.38 | 8.62 | 53 | 6.85 | 23.71 |
| क्रॉम्पटन ग्रेव्स | 69.68 | 7.25 | 1.45 | 9.06 | 48 | 7.31 | 23.62 |
| बजाज | 70.25 | 7.4 | 1.22 | 7.62 | 57.2 | 6.29 | 21.31 |
| ऊषा | 67.5 | 6.67 | 1.27 | 7.93 | 53 | 6.66 | 21.26 |
| ओर्पेट | 65.91 | 6.25 | 1.24 | 7.75 | 52.8 | 6.87 | 20.87 |
| एल्मोनार्ड | 92.22 | 10 | 0.7 | 4.37 | 131.6 | 5.94 | 20.31 |
| ओरिएंट | 69.97 | 7.33 | 1.1 | 6.87 | 63.2 | 5.46 | 19.66 |
| मार्क | 65.1 | 6.03 | 1.2 | 7.5 | 54 | 5.57 | 19.1 |
| खेतान | 65.25* | 6.07 | 0.61* | 3.81 | 106.4* | 6.41 | 16.29 |

## पंखे को साफ़ रखना भी ज़रूरी

घर में प्रयोग किए जाने वाले किसी भी प्रकार के पंखे रोज़ाना इस्तेमाल किए जाते हैं जिस वजह से उनके ब्लेड पर धूल–मिट्टी बहुत जम जाती है। यदि पंखे को नियमित रूप से साफ नहीं करेंगे तो गंदे पंखे कुछ समय बाद ही धूल फेंकने लगते हैं जिससे आंखों में जलन और संक्रमण की समस्या होने की संभावना बढ़ जाती है। आप घर में लगे पंखों को हफ्ते में एक बार सूखे या गीले कपड़े से आसानी से साफ़ कर सकते हैं। टेबल और पैडस्टल पंखे तो बहुत आसानी से साफ किये जा सकते हैं क्योंकि उनकी ग्रिल्स को अलग करके मोटर के आसपास की भी सफ़ाई कर सकते हैं।

## पैडस्टल पंखे की सुरक्षा जांच

**पैडस्टल पंखे के लिए विद्युत निवेशः** पंखे के क्षैतिज ब्लेड के परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए वोल्टेज़ और रेगुलेटर की सर्वोच्च गति के आधार पर ही पैडस्टल पंखे में विद्युत निवेश की ज़रूरत होती है। पैडस्टल पंखे के लिए अधिकतम 61 वाट विद्युत निवेश की आवश्यकता होती है।

**पंखा घूमने की गति** : भारतीय मानक के अनुसार पैडस्टल पंखे की न्यूनतम गति में एक मिनट में उसका पंखा कम से कम चार बार घूमना चाहिए। चाहे यंत्र का एकल गति परिवर्तनशील ही क्यूं न हो और यह एकल गति 60° से कम पर नहीं होनी चाहिए।

**करंट (अर्थिंग) की निरंतरता** : पैडस्टल पंखे के लिए विद्युत आवेग करंट पर निर्भर होता है। पंखे के किसी भी दिखाने वाले धातु के हिस्से पर प्रतिरोधक क्षमता 0.1 ohm से अधिक नहीं होनी चाहिए। सभी ब्रांड के पैडस्टल पंखों में वि द्युत तार के प्लग दो पिन वाले दिए गए थे। किसी भी पंखे में अर्थिंग टर्मिनल नहीं दिया गया था।

**हवा वितरण की क्षमता** : हवा वितरण की अधिकतम विद्युत निवेश क्षमता, वोल्टेज़ और रेगुलेटर की अधिकतम गति भारतीय मानक के अनुसार पंखे द्वारा हवा वितरण की क्षमता कम से कम 65($m^3$/min) और सेवा परिमाण 1.08(m3/min/W) होनी चाहिए। दो ब्रांड एल्मोनाई और खेतान ने विद्युत निवेश की क्षमता 120 वॉट और 110 वॉट दी है।

**एसी रिसाव की जांच** : भारतीय मानक IS : 1169 2967 के अनुसार करंट रिसाव 300 µA से अधिक नहीं होना चाहिए। इस परीक्षण में सभी ब्रांड में करंट का रिसाव 20–40 µA के अंतराल में पाया गया।

**संधारित्र (कैपेसिटर)** : सुरक्षा और रख रखाव के लिए इन्हें आसानी से बदला जा सकता है यह पैडस्टल पंखे के ऊपरी घेरे से पर्याप्त दूरी पर होता है जिससे इसका संचालन तापमान अधिक नहीं होता।

**स्थायित्व परीक्षण** : पैडस्टल पंखे के तरल हिस्से की बनावट और उसका परिमाप इस प्रकार से बनाया जाता है कि पंखे के गिरने का खतरा न रहे उसे कहीं भी आसानी से स्थिर किया जा सके। इसका परीक्षण पंखे की गतिशील अवस्था में किया गया, सभी ब्रांड के पंखे इस जांच में सफल रहे, कोई भी पंखा नहीं गिरा।



**पैडस्टल पंखे की ऊंचाई को समायोजित करना** : पैडस्टल पंखे की न्यूनतम और अधिकतम उंचाई के चिन्ह उसकी रॉड नीचे से ऊपर की ओर बने रहते हैं। भारतीय मानक के अनुसार इसे कम से कम 900mm और अधिकतम 1050mm तक घटा बढ़ा सकते हैं, इसी मानक के आधार पर ही सभी ब्रांड के पंखों की भी जांच की गई।

**मज़बूती के आधार पर आकलन** : पैडस्टल पंखे की मज़बूती का आकलन उसके स्तंभ के आधार पर मापा जाता है। ओरिएंट ब्रांड को छोड़कर किसी भी पंखे में धातु की बनी प्लेट उसके स्तंभ में नहीं लगी थी, सभी ब्रांड के पंखों में हल्के स्तंभ बनाने के उद्देश्य से उनमें प्लास्टिक का स्तंभ लगाया गया।

**पंखे का तापमान बढ़ना** : भारतीय मानक के IS:16.3.3 के अनुसार पैडस्टल पंखों का तापमान नीचे दी गई मात्रा से अधिक नहीं बढ़ना चाहिए। क्लास ए की मोटर का तापमान 60deg और क्लास ई की मोटर का 75deg होना चाहिए।

बाहरी भाग के अलावा धातु के हैंडल के साधारण इस्तेमाल के लिए क्लास ए और क्लास ई दोनों का तापमान 40deg होना चाहिए। बाहरी भाग के संधारित्र के लिए क्लास ए और और क्लास ई का 40deg होना चाहिए।

सभी ब्रांड परीक्षण में सफल रहे।

**आवाज़ का स्तर** : पैडस्टल पंखों को संचलान करके इन तीन विभिन्न अवस्थाओं के आधार पर उनकी आवाज़ का स्तर मापा गया—

1. पंखे की मोटर की अक्ष रेखा के किनारे पर।
2. पंखे के आगे की ओर से एक मीटर की दूरी तक।
3. पंखे के पीछे की ओर से एक मीटर की दूरी तक।

पैडस्टल पंखे कई बार इतनी ज़्यादा आवाज़ करते हैं कि उनके नज़दीक बैठना मुश्किल हो जाता है। खेतान और एल्मोनार्ड ब्रांड के पैडस्टल पंखों की आवाज़ का स्तर सबसे अधिक (69.14 और 66.6 डेसीबल)पाया गया। बजाज, सीजी मार्क, ओर्पेट में आवाज़ का स्तर सबसे कम 55 डेसीबल रहा।

**कुल वज़न** : सभी ब्रांड के वज़न की जांच के लिए परीक्षण में पैडस्टल पंखे पर निर्धारित वज़न और खुद नापने के बाद दोनों की तुलना की गई। ज़्यादा वज़न वाले पंखे अच्छी गुणवत्ता के माने जाते हैं।

**तार की लंबाई** : किसी भी ब्रांड ने तार की लंबाई भारतीय मानक द्वारा सुनिश्चित आधार पर नहीं दी गई थी, मानक के अनुसार कम से कम पैडस्टल पंखे में प्लग के लिए बिजली के तार की लंबाई पांच मीटर होनी चाहिए, जो कि सभी ब्रांड में 1.54 से 2.15 मीटर पाई गई।

**पैडस्टल पंखे का दैनिक, मासिक और वार्षिक ऑपरेटिंग शुल्क, वार्षिक अधिव्यय और ऊर्जा खपत**

| ब्रांड | इनपुट पॉवर वॉट | प्रतिदिन की खपत, kW @ दस घंटे के इस्तेमाल पर | प्रतिदिन ऑपरेटिंग कीमत @ 6 रुपए / यूनिट (kWh) | मासिक ऑपरेटिंग कीमत, रुपए में | वार्षिक ऑपरेटिंग कीमत, रुपए में | वार्षिक अधिव्यय करना (रुपए में) w.r.t. हैवेल्स |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हैवेल्स | 46.0 | 0.46 | 2.76 | 82.8 | 993.6 | शून्य |
| क्रॉम्पटन ग्रेव्स | 48.0 | 0.48 | 2.88 | 86.4 | 1036.8 | 43.2 |
| ओर्पेट | 52.8 | 0.528 | 3.168 | 95.04 | 1140.4 | 146.8 |
| ऊषा | 53 | 0.53 | 3.18 | 95.40 | 1148.8 | 155.2 |
| ओर्टेम | 53 | 0.53 | 3.18 | 95.40 | 1148.8 | 155.2 |
| मार्क | 54 | 0.54 | 3.24 | 97.2 | 1166.4 | 172.8 |
| बजाज | 57.2 | 0.572 | 3.43 | 102.96 | 1235.5 | 241.9 |
| ओरिएंट | 63 | 0.63 | 3.78 | 113.4 | 1360.8 | 367.2 |
| खेतान | 106.4 | 1.64 | 6.36 | 190.8 | 2289.6 | 1296 |
| एल्मोनार्ड | 131.6 | 1.31 | 7.89 | 236.8 | 2842.56 | 1848.96 |

## पैडस्टल पंखों के तुलनात्मक परीक्षण का कार्य–निष्पादन चार्ट (आकार 400 mm)

| | | स्टैंडर्ड पंखे | | | | | | | | तेज़ रफ्तार वाले पंखे | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रांड → टैस्ट पैरामीटर ↓ | % भारांक | क्रॉम्पटन ग्रीव्स | ओरिएंट | ओर्पेट | हैवल्स | ओरिएंट | बजाज | ऊषा | मार्क | एल्मोनार्ड | खेतान |
| खुदरा मूल्य /एमआरपी (रुपए में) | | 1689/2250 | 1645/1900 | 1734/2100 | 1956/2495 | 1600/1979 | 1823/2375 | 1867/2250 | 1761/2090 | 2400/2450 | 1689/2350 |
| **पर्फार्मेंस टैस्ट** | **(45)** | **34.43** | **33.78** | **35.29** | **35.22** | **33.87** | **32.31** | **31.31** | **29.69** | **30.13** | **27.13** |
| स्टार्टिंग एंड रनिंग स्पीड | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| इनपुट पॉवर | 8 | 7.31 | 6.85 | 6.87 | 7.47 | 5.46 | 6.29 | 6.66 | 5.57 | 5.94 | 6.41* |
| पंखे की रफ्तार | 8 | 4.81 | 4.07 | 5.42 | 4.16 | 5.21 | 5 | 4.05 | 4.59 | 3.82 | 4.84 |
| हवा का बहाव | 10 | 7.25 | 8.24 | 6.25 | 7.84 | 7.33 | 7.4 | 6.67 | 6.03 | 10 | 6.07* |
| सर्विस वैल्यू | 10 | 9.06 | 8.62 | 7.75 | 9.75 | 6.87 | 7.62 | 7.93 | 7.5 | 4.37 | 3.81 |
| रेगुलेटर की जांच | 5 | 2 | 2 | 5 | 2 | 5 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| **सुरक्षा परीक्षण :** | (27) | 23.65 | 23.93 | 23.83 | 23.28 | 23.34 | 23.33 | 23.35 | 23.55 | 22.1 | 21.51 |
| कैपेसिटर्स | 2 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| हाई वोल्टेज एंड इंस्यूलेशन रेसिस्टेंस | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| पॉवर फैक्टर | 2 | 1.98 | 1.92 | 1.98 | 1.98 | 1.98 | 1.9 | 1.92 | 1.98 | 1.98 | 1.98 |
| ए.सी. लीकेज एंड अर्थिंग | 4 | 2.26 | 2.26 | 2.13 | 2.2 | 2.2 | 2.06 | 2.26 | 2.2 | 2.2 | 2.26 |
| तापमान में बढ़ोत्तरी | 9 | 8 | 8.71 | 8.33 | 8.67 | 8.3 | 7.95 | 8.14 | 7.96 | 7.86 | 7.45 |
| आवाज़ का स्तर | 6 | 5.91 | 5.54 | 5.89 | 4.93 | 5.36 | 5.92 | 5.53 | 5.91 | 4.56 | 4.32 |
| **सामान्य परीक्षण** | (28) | 22.23 | 22.53 | 20.95 | 20.64 | 20.67 | 22.12 | 22.17 | 22.3 | 23.75 | 21.04 |
| केबल की लंबाई | 3 | 2 | 1.9 | 1.7 | 1.7 | 2 | 1.8 | 1.9 | 1.8 | 2.1 | 1.5 |
| रोबस्टनेस | 4 | 2.5 | 2.75 | 1.75 | 1.5 | 2 | 2.75 | 2.5 | 3 | 3.5 | 3.25 |
| ऑस्किलेटिंग मैकेनिज़्म एंड स्टेबिलिटी | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 4.5 | 6 |
| एडजेस्टेबल हाइट | 3 | 1.43 | 1.46 | 1.45 | 1.46 | 1.47 | 1.33 | 1.46 | 1.47 | 1.47 | 1.38 |
| वर्कमैनशिप एंड फिनिश | 3 | 2.4 | 2.5 | 2.8 | 2.4 | 2.5 | 2.5 | 2.5 | 2.45 | 2.5 | 2.4 |
| कुल वज़न | 3 | 2.7 | 2.52 | 2.35 | 2.48 | 1.8 | 2.44 | 2.41 | 2.48 | 2.78 | 2.21 |
| पैकिंग और मार्किंग | 6 | 5.2 | 5.4 | 4.9 | 5.1 | 4.9 | 5.3 | 5.4 | 5.1 | 5.4 | 4.3 |
| **कुल स्कोर (राउंडेड ऑफ)** | **100** | **80** | **80** | **80** | **79** | **78** | **78** | **77** | **76** | 75 | 70* |

रेटिंग: >90 – बहुत अच्छा *****, 71.90. अच्छा****, 51.70. औसत ***, 31.50. खराब **, <30 – बहुत खराब*

* वॉयस द्वारा किए गए परीक्षण में खेतान पंखे की एयर डिलीवरी 65.25 पाई गई लेकिन मैसर्स खेतान ने परीक्षण के परिणाम के लिए प्रतिक्रिया व्यक्त की है कि उनके पंखे की एयर डिलीवरी 75 m3/min और सर्विस वैल्यू 0.61 के बजाए 0.68 होनी चाहिए।